Amar Ujala

म्यूचुअल फंड में बेहतर है रिटर्न, पर रहें सतर्क

नई दिल्ली। आम निवेशकों के लिए संपत्ति को तेजी से बढ़ाने का सुरक्षित मार्ग म्यूचुअल फंड है, लेकिन आंख-कान खुले रखने की आवश्यकता है।

यह कहना है एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनएस वेंकटेश का। म्यूचुअल फंड कारोबारियों एवं निवेशकों के लिए शुक्रवार को यहां दो उत्पाद टिकर वेल्थ तथा टिकर ईओडी जारी करते हुए उन्होंने बताया कि संपत्ति में तेजी से बढ़ोतरी का मार्ग तो म्यूचुअल फंड है, लेकिन निवेशकों को आंख-कान खुले रख कर निवेश करना चाहिए। कहां निवेश करें, कैसे निवेश करें, आदि जानकारी के लिए इस समय कई चैनल सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में टिकर वेल्थ और टिकर ईओडी भी जुड़ गए हैं। ब्यूरो